nium and Articles thereof during the last years is as follows:—

Description	1992-93		1993-94		1994-95 (April—Sep. 1994)	
	Qty. (Tonnes)	Value (Rs. in lakhs)	Qty. (Tonnes)	Value (Rs. in lakhs)	Qty. (Tonnes)	Value (Rs. in lakhs)
1. Titanium and Titanium base alloys, unwrought	56	149.80	41	91.76	87	122.52
2. Waste and scrap of titanium and titamium alloys (incl.Powders).	53	146.11	38	57.46	—	—
3. Articles of titanium	148	974.24	86	601.62	78	405.07

(c) Rutile is used by the Paint Industry, the Plastic Industry and the Paper Industry while Anatase is used by the Rubber Industry.

(d) The import of Rutile and Anatase is under Open General Licence as per the current Import - Export Policy, 1992—97.

बिहार में दरभंगा में उद्योगों की स्थापना

3906. श्री राम गोपाल यादव : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार बिहार के दरभंगा जिले में कोई नया भारी उद्योग लगाने और चीनी मिल स्थापित करने का विचार रखती है,

(ख) यदि हां, तो कब तक,; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही): (क) से (ग) जिला दरभंगा, बिहार में कोई नया भारी उद्योग अथवा चीनी मिल की स्थापना के लिए केन्द्रीय अथवा राज्य सार्वजनिक क्षेत्र यूनिट औद्योगिक विकास निगम (भों) से प्राप्त कोई आवेदन लंबित नहीं पड़ा है। नयी औद्योगिक नीति के तहत संबंधित राज्य सरकार को ही उद्यमियों को राज्य/जिले की ओर आकर्षित करने के लिए आधारभूत तथा अन्य सुविधाएं मुहैया करने होते हैं।

लघु और कुटीर उद्योगों पर औद्योगिक नीति का प्रभाव

3907. श्री अनन्तराव देवसंकर दवे :
श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :
श्री जयन्त राय :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर लघु और कुटीर उद्योगों पर नई औद्योगिक नीति के प्रभाव का आकलन किया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और इसका परिणाम क्या निकला;

(ग) क्या नई औद्योगिक और आर्थिक नीति के लागू होने के बाद से इन उद्योगों को संकट का सामना करना पड़ रहा है, ; और

(घ) यदि हां, तो सरकार द्वारा इन उद्योगों के संरक्षण हेतु कौन-कौन से उपचारात्मक उपाय किये जाने का विचार है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) और (ख) नई औद्योगिक नीति का प्रभाव निरन्तर सकारात्मक रहा है जो कि तालिका 1--4 से देखा जा सकता है जिनमें सामान्य रूप में लघु क्षेत्र में विकास के ब्यौरे तथा विभिन्न उद्योग क्षेत्रों में उनकी तुलनात्मक विकास दर दर्शाई गई है ।

तालिका---1 लघु उद्योग क्षेत्र का समग्र निष्पादन

वर्ष	एककों की संख्या (लाख में)	चालू कीमतों पर उत्पादन (करोड़ रु०)	रोजगार (लाख संख्या)	निर्यात (करोड़ रुपए में)
1991-92	20.82	178699	129.80	13883.40
1992-93	22.35	209300	134.06	17784.82
1993-94	23.84	241648	139.38	25307.00

तालिका---2 लघु उद्योग उत्पादन का विकास

वर्ष	लक्ष्य	उपलब्धि
1991-92	3.0	3.1
1992-93	5.0	5.6
1993-94	7.0	7.1
1994-95	9.1	9.5*

*पहली दो तिमाहियों के लिए अर्थात् अप्रैल---सितम्बर, 94 से अनंतिम ।

तालिका-3

वर्ष	लघु उद्योग क्षेत्र	औद्योगिक क्षेत्र
1991-92	3.1	0.6
1992-93	5.6	2.3
1993-94	7.1	4.1
1994-95 (सितम्बर तक)	9.5	8.0

तालिका-4 खादी और ग्रामोद्योग में विकास

वर्ष	उत्पादन (करोड़ रुपए में)	रोजगार (लाख व्यक्ति)
1990-91	2280.02	48.57
1991-92	2592.79	50.16
1992-93	2876.94	52.58
1993-94	3233.86	53.28
1994-95 (अ)	3645.00	57.55

(अ) लक्ष्यों के आधार पर अनन्तिम

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता है ।

गुजरात में सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में निवेश

3908. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिसम्बर, 1994 तक गुजरात में सरकारी क्षेत्र के प्रत्येक उपक्रम में कुल कितना निवेश किया गया है ;

(ख) इस सम्बन्ध में जिला-वार ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या राज्य सरकार ने राज्य में कुछ और सरकारी क्षेत्र के उपक्रम स्थापित करने हेतु कोई प्रस्ताव प्रेषित किया है; और

(घ) प्रत्येक उपक्रम के वार्षिक उत्पादन लाभ/हानि तथा कार्यरत कर्मचारियों का ब्यौरा क्या है ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) (क) ख) और (घ) : 31-3-94 की स्थिति के अनुसार गुजरात राज्य में पंजीकृत कार्यालय वाले सरकारी क्षेत्र के 2 उद्यम अर्थात, इण्डियन पैट्रो-कैमिकल्स लि०, जिला बड़ौदरा और नेटेका (गुजरात) लि०, जिला अहमदाबाद में स्थित थे । निवेश, उत्पादन मूल्य, निवल लाभ/हानि और कर्मचारियों की संख्या का विवरण नीचे दिया गया है :

(करोड़ रु० में)

सरकारी क्षेत्र के उद्यम का नाम	31-3-94 तक निवेश (सामान्य शेयर व ऋण)	वर्ष 93-94 के दौरान उत्पादन मूल्य	93-94 के दौरान निवल लाभ/हानि	31-3-94 तक कर्मचारियों की संख्या
इण्डियन पेट्रोकैमिकल्स कारपो० लि०	2009	1636	89.20	11858
नेटेका (गुजरात) लि०	296	32	(-) 82.38	9262

(ग) जानकारी एकत्रित की जा रही है और सभापटल पर रख दी जाएगी ।